इंडियन रेलवे केटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार का उद्यम . मिनी रत्न)

INDIAN RAILWAY CATERING AND TOURISM CORPORATION LTD.

(A Govt. of India Enterprise-Mini Ratna)

CIN: L74899DL1999GOI101707

Website: www.irctc.com, Email: info@irctc.com

प्रेस विज्ञप्ति

घर से दूर-घर की तरह काम, साथ में सारी सुख सुविधा आराम

- **आईआरसीटीसी, उन प्रोफेशनल्स के लिए " वर्क फ्रॉम होटल विद नेचर" (प्रकृति के साथ होटल में कार्य) यात्रा पैकेज की योजना बना रहा है, जो इस कोविड -19 महामारी में भी अपने घरों से दूर रहकर काम करना चाहते हैं।**
- **ओडिशा के समुद्रतट स्थित पुरी, कोणार्क और गोपालपुर जैसे विभिन्न गंतव्यों (बीच डेस्टिनेशंस) की यात्रा ।**
- **अन्य स्थानों के लिए भी इसी तरह के पैकेज बनाने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं|**
- **पैकेज में यात्रा बीमा, वाई-फाई और कीटाणुरहित(डिसिंफेक्टेड) कमरे सहित कई सेवाएं शामिल हैं|**
- **यात्रा के दौरान यात्रियों के लिए कड़े कोविड सुरक्षा प्रोटोकॉल और उच्च स्तर की स्वच्छता रखी जाती** है।

नई दिल्ली, 09 जून 2021

कोविड - बाद (post -covid) की दुनिया में मेहमानों के बीच आईआरसीटीसी द्वारा फिर से विश्वास जगाने के

प्रयासों को उचित सफलता मिल रही है ताकि वे आतिथ्य सेवाओं (हॉस्पिटैलिटी सर्विसेज) का लाभ उठाने के लिए घर से बाहर यात्रा पर निकलें। पुरी, कोणार्क और गोपालपुर (ओडिशा के समुद्र तट गंतव्य - beach destinations) के लिए "वर्क फ्रॉम होटल विद नेचर" पैकेज लॉन्च किए जा रहे हैं। टिकट की बुकिंग 09.06.2021 से शुरू हो गयी है।

चूंकि रिमोट वर्किंग नया मानदंड बन गया है, और स्थान की स्वतंत्रता तेजी से एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में उभरी है, तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि अब अधिक से अधिक लोग अपने घर व कार्यालय की चार दीवारों से परे प्रेरणा, नएपन की तलाश कर रहे हैं। समय के साथ, स्वास्थ्य और सुरक्षा चिंताओं के कारण अधिक एकांत और निजी वातावरण की मांग में वृद्धि हुई है।

इस उभरती प्रवृत्ति को ध्यान में रखते हुए, इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (IRCTC) ने उन प्रोफेशनलों (पेशेवरों) के लिए विशेष यात्रा पैकेज लॉन्च किए हैं जो समुद्र तट, जंगल के पास एक अलग लेकिन प्राकृतिक वातावरण में अपने होटल के आरामदेह कमरे से अपना काम जारी रखना चाहते हैं तथा अपनी रोजमर्रा दिनचर्या के साथ आराम फरमाना और आनंद उठाना चाहते हैं । इस महामारी के समय में ठेठ कार्यालय सेटिंग से दूर कहीं दूसरे स्थान से काम करना अब एक नया चलन बनने की उम्मीद है।

प्रोफेशनल पुरी, कोणार्क और गोपालपुर के समुद्रतटीय गंतव्य (बीच डेस्टिनेशंस) चुन सकते हैं। पैकेज की अवधि न्यूनतम 03 रातों के लिए होगी जिसे यथानुपात (प्रोरेट) आधार पर बढ़ाया जा सकता है। अन्य स्थलों के लिए भी इसी तरह के पैकेज तलाशे जा रहे हैं।

यह पैकेज इस प्रकार है

क्रमांक	गंतव्य	ठहरने की अवधि	यात्रा बजट
1.	पुरी	3 रातें/4 दिन	₹ 6165
2.	कोणार्क		₹ 12600
3.	गोपालपुर		₹ 19945

सभी यात्रा पैकेजों में कीटाणुरहित (डिसिंफेक्टेड) कमरे, सभी यात्रियों के लिए तीन बार भोजन, दो बार चाय/कॉफी, निशुल्क वाई-फाई, वाहन के लिए सुरक्षित पार्किंग स्थल, यात्रा बीमा शामिल हैं। कड़े कोविड-सुरक्षा प्रोटोकॉल और उच्च स्तर की स्वच्छता बनाए रखी जाती है।

आप इन यात्रा पैकेजों की बुकिंग आईआरसीटीसी की वेबसाइट https://www.irctctourism.com या आईआरसीटीसी टूरिज़म मोबाईल ऐप्स (Mobile Apps- Android-IOS) पर भी कर सकते है।